# चरक फ्लाईओवर समेत 1500 करोड़ की योजनाओं की सौगात

लखनऊ | प्रमुख संवाददाता

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और सीएम योगी आदित्यनाथ 31 अगस्त को राजधानी के लोगों को 1483 करोड़ की 180 विकास परियोजनाओ की सौगात देंगे। कुछ परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे तो कुछ का लोकार्पण होगा। इसके लिए चौक के ज्योतिबा फूले मल्टीलेवल पार्किंग में समारोह आयोजित किया गया है। यहां परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया जाएगा।

**352** करोड़ की नगर निगम, अमृत योजना आदि का शिलान्यास

इस मौके पर नगर निगम, अमृत योजना तथा स्मार्ट सिटी योजना की 352 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण होगा। जबकि 500 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण होगा। इसके अलावा तीन सीएचसी व 50 बेड के चाइल्ड अस्पताल की करीब 19 करोड़ की परियोजनाओं का भी लोकार्पण करेंगे। इसके साथ 142.66 करोड़ की लागत से चौक में बने चरक फ्लाईओवर व किसान पथ में अयोध्या रोड से सुलतानपुर रोड का लोकार्पण करेंगे।

**142.66** करोड़ की लागत आई है चरक फ्लाईओवर पर

**2.5** किलोमीटर लंबा है फ्लाईओवर, 2018 में शुरू हुआ था निर्माण




चरक फ्लाईओवर शुरू होने से पुराने लखनऊ के लोगों को होगा फायदा।

## फ्लाईओवर व किसान पथ का लोकार्पण

केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह 31 अगस्त को चौक में चरक फ्लाईओवर व किसान पथ का लोकार्पण करेंगे। सांसद प्रतिनिधि दिवाकर त्रिपाठी ने बताया कि चरक फ्लाईओवर बनने से नक्खास, कश्मीरी गेट, सहित कई इलाकों को फायदा होगा। साथ ही किसान पथ में 271 करोड़ की लागत से बने अयोध्या रोड से सुलतानपुर रोड का लोकार्पण करेंगे।

## एलडीए: सड़कों का शिलान्यास, पार्किंग का निर्माण

**लखनऊ।** सीएम व रक्षामंत्री राजनाथ सिंह एलडीए की 10 परियोजनाओं का लोकार्पण तथा तीन परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। इन परियोजनाओं की लागत लगभग 500 करोड़ रुपये है। ट्रांसपोर्टनगर की रोड, विराजखण्ड नाला तथा विकल्पखण्ड की सड़क का भी सीएम शिलान्यास करेंगे।

### यह योजनाएं तैयार, होगा लोकार्पण

- पिपरा घाट के समीप गोमती पर निर्माणाधीन पुल से शहीद पथ तक नदी के बाएं तटबंध पर चार लेन सड़क का निर्माण। लागत 82 .29 करोड़।
- जनेश्वर पार्क के पास बंधे से होकर संपर्क मार्ग निर्मित करने के साथ अंडरपास का निर्माण 60 .32 करोड़
- सीजी सिटी में 352 ईडब्ल्यूएस व 512 एलआईजी भवनों का लोकार्पण, लागत 128 .39 करोड़
- देवपुर पारा योजना में बहुमंजिला एसएमआईजी मकानों का निर्माण। लागत 80 करोड़ रुपये।
- हुसैनाबाद में म्यूजिकल फाउंटेन तथा मल्टीमीडिया शो का निर्माण- लागत 6 .20 करोड़
- नवभारत पार्क में मल्टी लेवल पार्किंग का निर्माण- लागत 12 .33 करोड़